पुत्रकाम शुभ जग्य करावा ।। भगति सहित मुनि आहुति दीन्हे प्रगटे अगिनी चरू कर लीन्हे ।।
जो बसिष्ठ कछु हृदय बिचारा । सकल काजु भा सिद्ध तुम्हारा ।।
|| Ram Katha 970 – ✻मानस श्रृंगी ऋषि || Lakhisarai,Bihar || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 175 | इंदौर, गुरुवार 08 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## साधु की करुणा....!



श्रीराम कथा मर्मज्ञ, पूज्य संत श्री मोरारी बापू जी ने इंदौर के भागीरथपुरा में असमय दिवंगत हुए नागरिकों के प्रति व्यासपीठ से करुणा एवं संवेदना की अमृतधारा प्रवाहित की है।

उन्होंने दिवंगत पुण्यात्माओं के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रत्येक पीड़ित परिवार को 15,000 रुपए तुलसी पत्र स्वरूप समर्पित किए गए हैं।

इस प्रेरक कार्य के लिए श्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूज्य बापू के चरणों में नमन करते हुए हृदय के अंतःकरण से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनका यह उदार भाव समाज के लिए सेवा, संवेदना एवं सद्भाव का प्रकाशस्तंभ है।

# मुख्यमंत्री की अफसरों को नसीहत, समय पर आएं दफ्तर

## अन्ना हजारे के काम से सीख लें, निरीक्षण करने जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के अफसरों को अन्ना हजारे के कामों से सीख लेना चाहिए और इसके लिए जरूरी है कि वे अन्ना हजारे द्वारा कराए गए काम देखने जाएं और उसके आधार पर कार्ययोजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों से कहा है कि वे कार्यालय दिवस में सुबह दस बजे दफ्तर पहुंचने की आदत डालें और इस पर अधीनस्थों के साथ भी अमल कराएं।**

मंत्रालय ने नव वर्ष के संकल्प को लेकर बुलाई गई उच्च अधिकारियों की मीटिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोरोना काल से प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में 5 दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था लागू है। पांच दिनी वर्किंग लागू करने के लिए कार्यालयीन समय को बढ़ाया गया था। इसलिए इस पर अमल करना आवश्यक है। यह व्यवस्था हो कि प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से कार्य आरंभ हो। सीएम यादव ने कहा कि सीनियर अफसर ही 11 बजे के बाद दफ्तर आते हैं, जबकि सीएस दस बजे आफिस आ जात हैं, यह ठीक नहीं है। इसके लिए बायोमेट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लिया जाए। इससे अनुशासन में भी सुधार होगा। बैठक के दौरान जब वन विभाग की उपलब्धियां गिनाई जा रही थीं तो सीएम यादव ने अफसरों को किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक बार वे एक स्थान पर गए तो पता चला कि हाथी ने दो जुड़वा बच्चे पैदा किए हैं। इसके बाद वे उन्हें नजदीक से देखने गए और इसी दौरान



हाथी के बच्चों ने उन्हें धक्का मार दिया।

मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि वे मृत्युभोज के समर्थक नहीं हैं। एक बार इसको लेकर संबोधन दिया तो एक व्यक्ति नाराज हो गया। उसने कहा कि जो समर्थ है, उसे मृत्युभोज कराना चाहिए। इसमें रोक नहीं लगना चाहिए। उसे समझाईश दी और लौट के आ गए तो पता चला कि उसी की मृत्यु हो गई। उसके घर जाना पड़ा। अब चूंकि मृत्युभोज में कुछ खाता नहीं हूं, इसलिए वहां के लोगों ने खाने के लिए दबाव बनाया। काफी मना किया तो भी नहीं माने और इसके चलते जूस पीकर लौटना पड़ा।

12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान-वन आरंभ किया जा रहा है। यह अभियान 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित होगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि शिविरों में मिले सभी आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च, 2026 तक अनिवार्य रूप से हो। अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

### यह निर्देश भी दिए

1. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के संपर्क में रहें। राज्य की प्रगति और योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से केंद्र शासन को समय रहते अवगत कराएं।
2. प्रदेश में आगामी 5 वर्ष की कार्य योजना तैयार करने के साथ 3 वर्ष के बजट अनुमान की व्यवस्था भी की जा रही है। सड़क, अस्पताल, सिंचाई परियोजना, सार्वजनिक भवन निर्माण की समेकित योजनाएं बनाकर उनका दस्तावेजीकरण किया जाए।
3. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मृत्यु भोज, विवाह समारोह में अपव्यय रोकने जैसे सामाजिक सुधारों के लिए भी वातावरण निर्मित किया जाए।
4. प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने में गायत्री परिवार तथा अन्य सामाजिक धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाए।

# जीरामजी : मप्र में गोशाला, डेयरी, जल गंगा अभियान व उद्यानिकी भी शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून, यानी वीबी-जी राम-जी एक्ट 2025 के तहत कामों का दायरा बढ़ाया जा रहा है। अब इस योजना में गोशाला निर्माण, डेयरी, जल गंगा संवर्धन अभियान और उद्यानिकी जैसे कार्य भी शामिल होंगे।**

योजना के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी विकास,




कुटीर एवं ग्रामोद्योग, सहकारिता समेत 15 विभागों के काम कराए जा सकेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दी। सीएम ने बताया कि केंद्र से जीरामजी एक्ट की अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य सरकार छह माह में इसके अनुरूप अपनी योजना अधिसूचित करेगी। सीएम बोले- मनरेगा में 100 दिन रोजगार की गारंटी थी। जीरामजी योजना में 125 दिन रोजगार मिलेगा। योजना में ऐसे कार्य कराए जाएंगे, जो स्थायी आजीविका, कौशल विकास व उद्यमिता को बढ़ावा दें। सीएम ने स्पष्ट किया कि बुवाई और कटाई के समय मजदूरों को काम नहीं दिया जाएगा, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हों। इसके लिए राज्य सरकार एक वित्तीय वर्ष में 60 दिन की अवधि अपने स्तर पर तय कर सकेगी। जब तक केंद्र अकुशल मजदूरों की दरें तय नहीं करता, तब तक मजदूरी का भुगतान मनरेगा की दरों पर करेंगे।

जीरामजी के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते सीएम डॉ. मोहन यादव व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

● भागीरथपुरा क्षेत्र में कलेक्टर श्री वर्मा एवं निगम आयुक्त श्री सिंघल का सतत निरीक्षण जारी

# टैंकरों के माध्यम से निरन्तर वैकल्पिक जलप्रदाय





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में कलेक्टर शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों एवं कॉलोनियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आज सुबह निरीक्षण के दौरान रेडवाल कॉलोनी, ईंट का भट्टा, बगिया रोड सहित अन्य क्षेत्रों में सीवरेज तथा नर्मदा जलप्रदाय से संबंधित लीकेज सुधार कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय रहवासियों से जलप्रदाय की स्थिति के संबंध में फीडबैक भी लिया गया, जिस पर नागरिकों ने टैंकरों के माध्यम से किए जा रहे जलप्रदाय एवं पानी की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में टैंकरों के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि टैंकर से प्राप्त पानी को उबालकर एवं छानकर ही पीने में उपयोग करें। प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा एहतियातन सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि क्षेत्र में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के जन्मदिन पर सेवा कार्यों के साथ बांटी खुशियां

● अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच काटा केक, सेवा कार्य भी किए




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद का जन्मदिन शहर के के एक अनाथ आश्रम में सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच केक काटा गया और उन्हें खुशियों के पल साझा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य जन्मदिन को औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए समाज के वंचित वर्ग के साथ सहभागिता निभाना रहा।

हर्ष खंडेलवाल ने बताया कि बेहद संजीदा, संवदेनशील व्यक्तित्व के धनी हिंदुस्तान के नामी वकील भारत के भूतपूर्व विदेश मंत्री, लोकसभा सदस्य एवं सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट सलमान खुर्शीद साहब के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्य किए गए। अनाथ आश्रम में रह रहे बच्चों के साथ समय बिताया गया, उन्हें उपहार वितरित किए गए और उनके साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखते ही बनता था। आयोजन के दौरान बच्चों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें विशेष अपनापन महसूस हुआ।

हर्ष खंडेलवाल ने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का जन्मदिन सेवा और संवेदनशीलता के साथ मनाना एक सकारात्मक संदेश देता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें यह अहसास होता है कि समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन आगे भी किए जाएंगे ताकि जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां लाई जा सकें। उल्लेखनीय है कि सलमान खुर्शीद देश के वरिष्ठ नेताओं में शामिल रहे हैं। वे पूर्व विदेश मंत्री होने के साथ-साथ दिल्ली में वरिष्ठ अधिवक्ता भी हैं। उनके सार्वजनिक जीवन में सामाजिक सरोकारों को हमेशा प्राथमिकता दी गई है। इसी भावना के अनुरूप उनका जन्मदिन अनाथ बच्चों के बीच मनाया जाना एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है। हर्ष खंडेलवाल ने बताया कि नामचीन वकील सलमान खुर्शीद के सानिध्य में काम करना मेरा सौभाग्य है। प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी ऐसे महापुरुष के जन्मदिन पर सेवा कार्य करते हुए बच्चों के बीच उनका जन्मदिन मनाकर श्री खुर्शीद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की गई।

# पानी की हौज में डूबने से मासूम की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पलासिया थाना क्षेत्र के मनोरमागंज इलाके में एक दर्दनाक हादसे में तीन साल के मासूम की पानी की हौज में डूबने से मौत हो गई। घटना के समय बच्चे की मां घर के अंदर चाय बना रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गणेश पुत्र सुनील भील, उम्र तीन वर्ष के रूप में हुई है। गणेश अपनी मां मनीषा के साथ नाना-नानी के घर रह रहा था। मंगलवार शाम मनीषा घर के अंदर चाय बना रही थी, इसी दौरान गणेश खेलते-खेलते बाहर चला गया। काफी समय तक जब गणेश दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान घर के बाहर बनी करीब सात फीट गहरी पानी की हौज में वह डूबा हुआ मिला। परिजन तुरंत गणेश को हौज से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मकान में बनी पानी की हौज पर कोई ढक्कन नहीं था और वह अक्सर खुली ही रहती थी। घटना के समय नाना-नानी काम से बाहर गए हुए थे। मामा अपनी नौकरी पर था, जबकि मामी घर के एक कमरे में मौजूद थी। परिजनों के अनुसार मनीषा की शादी बुरहानपुर में हुई थी। पति सुनील के साथ पारिवारिक विवाद के चलते वह करीब डेढ़ साल से मायके इंदौर में रह रही थी। गणेश उसकी तीन बेटियों का इकलौता भाई था। तीनों बेटियां अपने पिता के साथ बुरहानपुर में रहती हैं।

● गंदे पानी के कहर के बीच आयुर्वेद का सहारा

# घर-घर बांटी जा रही दवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में फैले संक्रमण पर नियंत्रण पाने के लिए मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग ने एक विस्तृत योजना तैयार की है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा यहां विशेष चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से क्षेत्र के प्रभावित लोगों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जा रही हैं और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम स्थानीय संजीवनी क्लिनिक के डॉक्टरों के साथ मिलकर मरीजों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड भी रख रही है। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि मरीजों को चिकित्सा सहायता एवं दवाइयां प्रदान की जा रही हैं ताकि मरीज जल्दी स्वस्थ हो सकें।प्रशासन का मानना है कि जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी मजबूत थी, वे गंदे पानी के संक्रमण से सुरक्षित रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए अब आयुष विभाग घर-घर जाकर लोगों की इम्युनिटी बढ़ाने पर काम कर रहा है। विभाग की टीमें लोगों को साफ-सफाई रखने, पानी उबालकर पीने और प्राकृतिक तरीके से शरीर को मजबूत बनाने की सलाह दे रही हैं। आयुष विभाग का यह मानना है कि दवाओं के साथ-साथ सही खान-पान और आयुर्वेदिक उपाय बीमारी से लड़ने में सबसे ज्यादा सहायक होते हैं। संक्रमण काल के दौरान जिस तरह घर-घर काढ़ा और हर्बल उपायों का वितरण किया गया था, उसी सफल मॉडल को भागीरथपुरा में भी लागू किया गया है। लोगों को पानी में सौंफ, जीरा, धनिया और पुदीना जैसी घरेलू औषधियां उबालकर पीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह पहल न केवल बीमार मरीजों को जल्द स्वस्थ करने के लिए है, बल्कि उन लोगों को भी सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए है जो अब तक संक्रमण की चपेट में नहीं आए हैं। क्षेत्र में तैनात आयुष विशेषज्ञों के अनुसार हमारे किचन में मौजूद मसाले ही सबसे बड़ी दवा हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि सौंफ, जीरा, सोंठ, धनिया और पुदीना का सही मिश्रण पाचन तंत्र को मजबूत करता है और उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं में राहत देता है। इसके साथ ही लोगों को कच्चे भोजन के सेवन से बचने और हल्का व सुपाच्य भोजन लेने की हिदायत दी गई है। जिला आयुष अधिकारी और अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य के मार्गदर्शन में चल रही इस मुहिम को स्थानीय जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

कटाक्ष




# विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था के महोत्सव में देशभर की 900 महिलाए शामिल हुई

## महिलाओं ने सुमधुर भजन सुनाएँ, स्मारिका का विमोचन हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विप्र समाज की संस्था नारी शक्ति सेवा संस्था का वार्षिक महोत्सव संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा के सानिध्य में बड़ा गणपति स्थित हंसदास मठ पर संपन्न हुआ। महोत्सव के तहत स्मारिका का विमोचन, सेवा सम्मान, भजन संध्या आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए। समारोह के अतिथि संत अण्णा महाराज , महामण्डलेश्वर पवनदास महाराज ,विप्र प्रमुख पं.योगेन्द्र महंत , डॉ. अलका भार्गव, गौरव गोयल सरिता शर्मा योगेश मिश्रा थे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि "जिस प्रकार उपयोग के बिना धन व्यर्थ



है, भूख के बिना भोजन का कोई महत्व नहीं, और होश के बिना जोश दिशाहीन होता है, उसी प्रकार बिना लक्ष्य के जीवन भी अर्थहीन हो जाता है। लक्ष्य ही जीवन को दिशा देता है, मेहनत को मक़सद देता है और सपनों को हकीकत में बदलने की ताक़त देता है।इसलिए लक्ष्य तय करें, उस पर विश्वास रखें और पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें ,क्योंकि लक्ष्य के साथ जिया गया जीवन ही सच्चा जीवन होता है।

विशेष अतिथि दीपक वाघ, भूषण भाई, मोनिका दुबे, सुनीता पाठक थे। महोत्सव मे सबका साथ सबका विश्वास का वातावरण बना रहा। सभी अतिथियों ने स्मारिका का विमोचन किया और आयोजन की सराहना की। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि महिलाओ ने फेन्सी आयटम्, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के विभिन्न स्टाल्स लगाए। मातारानी का विशेष दरबार सजाया गया और 56 भोग लगाए गए। भजन संध्या मे महिलाओ ने सुमधुर भजन गाए। सबसे अच्छी संजा बनाने वाली बालिका को नगद राशि देकर सम्मानित किया।महोत्सव में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों की 900 महिलाएं शामिल हुईं। अतिथियों का शाल -श्रीफल से स्वागत संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शर्मा, अंजू भार्गव, मीना पाठक, मंजु शर्मा, रेखा दुबे, मणीमाला शर्मा ने किया। महोत्सव में महिलाओ ने अपने विचार और सुझाव भी प्रस्तुत किये।

# विद्वेष एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

## भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं को भड़काने, विद्वेष एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 01 मार्च 2026 तक लागू रहेगा।**

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, व्हाट्सऐप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, एसएमएस, टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साईट आदि का दूरूपयोग कर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं को भड़काने, विद्वेष तथा भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए किसी भी प्रकार के संदेश का प्रसारण नहीं कर सकेंगे। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उत्पाद फैलाने वाले संदेश, फोटो, वीडियो, ऑडियो इत्यादि जिससे सांप्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती हैं या सांप्रदायिक सामाजिक एवं जातिगत विद्वेष पैदा हो सकता है उसे प्रसारित नहीं कर सकेंगे।

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हों को कमेंट, लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड नहीं करेंगे। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेंगे और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेंगे। कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर, भड़का कर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष, हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाये को प्रसारित नहीं करेंगे और न ही लाईक, शेयर अथवा फॉरवर्ड करेंगे और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेंगे। कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेंगे, जिसमें किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने और उनसे कोई गैरकानूनी गतिविधियां करने के लिये आव्हान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो।

आदेश में कहा गया है कि नगरीय पुलिस इंदौर जिले की सीमा के अन्दर किसी भी साइबर कैफे के मालिक अथवा संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में वेब कैमरा लगाया जाना होगा, जिसमें प्रत्येक आगन्तुक / प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके। यह अभिलेख कम से कम 06 माह तक सुरक्षित रखा जायेगा।

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार नेमुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से इंदौर में वाटर ऑडिट की शुरुआत की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मदीना नगर से इंदौर में वाटर ऑडिट की शुरुआत की। उन्होंने दूषित पानी की शिकायतें सुनीं और निरीक्षण भी किया। इस दौरान सिंघार ने मौके पर ही पानी के सैंपल लेकर जांच की और कहा कि इंदौर के कई इलाकों में अब भी दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।**

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सिंघार को बताया कि नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। सिंघार ने कहा कि सरकार और नगर निगम की लापरवाही के चलते उन्हें खुद मैदान में उतरकर वाटर ऑडिट करना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार के निकम्मेपन के कारण मुझे इंदौर में खुद वाटर ऑडिट शुरू करना पड़ा है। लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई क्षेत्रों में आज भी दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जो बेहद गंभीर मामला है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि उमंग सिंघार शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा करेंगे। यह दौरा खासतौर पर उन क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां नगर निगम द्वारा गंदा पानी सप्लाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। दौरा सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलेगा। इस दौरान वे नागरिकों से सीधे संवाद कर पानी की स्थिति का जायजा लेंगे। सिंघार ने मीडिया से चर्चा के दौरान इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि महापौर के कार्यालय में नोट गिनने की मशीन रखी गई है। वे पुष्यमित्र भार्गव को "जनता का महापौर" नहीं कह सकते, बल्कि उन्हें "पर्ची वाला महापौर" कहना ज्यादा उचित होगा। सिंघार ने सवाल उठाया था कि महापौर कार्यालय में नोट गिनने की मशीन क्यों लगी है। क्या ठेकेदारों से नगद भुगतान लिया जा रहा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में संवेदनशीलता की भारी कमी नजर आ रही है।

### हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट में सिर्फ चार मौतें होना माना...

# मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई है। सरकार ने हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट में सिर्फ चार मौतें होना माना है, जबकि 18 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है।

प्रशासन ने परिजन को मुआवजा देने के लिए बनाई गई सूची में बुधवार को दो नए नाम जोड़े हैं। इनमें रामकली जगदीश और श्रवण नत्यु खुपराव शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि दूषित पानी से भले ही 6 लोगों की मौत हुई है, लेकिन जहां भी मौत की सूचना मिल रही है, वहां क्रॉस चेक कर आर्थिक सहायता दी जा रही है। इधर, जिस जगह ड्रेनेज लाइन का काम हुआ था, वहां बुधवार को नर्मदा लाइन चालू होते ही पानी लीक होकर कॉलोनी में भरने लगा। दुकानों में पानी घुस गया। पानी लीक होने के चलते नर्मदा लाइन को दोबारा बंद कर दिया गया। देर शाम मरम्मत के बाद मिट्टी डालकर जगह को समतल कर दिया गया। इंदौर में मौत के आंकड़ों और जिन्हें मुआवजा



दिया गया है, उनकी संख्या में अंतर को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे लिए एक भी व्यक्ति की जान जाना कष्टदायक है। हम इसके आंकड़े में नहीं पड़ रहे हैं। ये अलग बात है कि प्रशासन की नजर में उनका अपना तरीका होता है। प्रशासन ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतकों की संख्या तय की है, लेकिन यह फाइनल नहीं है। सीएम यादव ने बुधवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कहा- नगर निगम के माध्यम से भी मृत्यु-पंजीयन होता है। जो भी संख्या सामने आएगी, राज्य सरकार संबंधितों के परिजन को राहत राशि देने का काम करेगी। सरकार हर पल प्रभावितों के साथ है।

बुधवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को अस्पताल रेफर किया गया है। इससे पहले आईसीयू में 16 मरीजों के भर्ती होने की जानकारी सामने आई थी। इनमें से 3 वेंटिलेटर पर हैं। भागीरथपुरा में इतनी मौतों के बाद लोग डरे-सहमे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया है। स्थानीय रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। अब तक 429 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए थे, जिनमें से मंगलवार शाम तक 330 डिस्चार्ज हो चुके हैं। बुधवार को 6 मरीज और भर्ती हुए हैं, यानी अब 105 मरीज ही एडमिट हैं।

# पॉश टाउनशिप भी खतरे में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पेयजल में पाया गया कोलिफार्म बैक्टीरिया का खतरा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। पिछले वर्ष फरवरी माह में शहर की पॉश शालीमार टाउनशिप को सप्लाई होने वाले नर्मदा के पानी में भी इसी बैक्टीरिया की उपस्थिति सामने आई थी। उसी समय टाउनशिप में 100 से ज्यादा लोग बीमार हुए थे। जांच में बैक्टीरिया मिलने पर रहवासी संघ ने पानी की टंकियों में ब्लीचिंग पाउडर डलवाया था। नर्मदा के पेयजल को लेकर यहां के रहवासी काफी सतर्क हैं और निर्धारित अंतराल पर पानी की जांच करवाते हैं। हाल ही में सितंबर में रहवासी संघ द्वारा करवाई गई जांच में टोटल कोलिफार्म बैक्टीरिया तो नहीं पाया गया, लेकिन इसमें टोटल बैक्टीरिया काउंट, जो पेयजल में 10 से कम होना चाहिए, वह एक हजार गुना ज्यादा पाया गया। इससे स्पष्ट है कि नगर निगम सिर्फ भागीरथपुरा ही नहीं, शहर के कई इलाकों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। शालीमार टाउनशिप में करीब एक हजार परिवार रहते हैं और यहां की सोसायटी द्वारा नगर निगम को नर्मदा पेयजल के प्रतिमाह करीब साढ़े चार लाख रुपये के जलकर का भुगतान भी किया जाता है।

# डॉ. यादव आज गुवाहाटी में राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 8 जनवरी को गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। साथ ही असम राज्य के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा होगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश और असम राज्य के बीच पूर्व में वन्यजीवों के आदान-प्रदान पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ था। इसमें मध्यप्रदेश में विलुप्त जंगली भैंसों के पुनर्स्थापना और गैंडों को मध्यप्रदेश लाने की सहमति बनी थी। साथ ही मुख्य वन्यजीव अभिरक्षण असम की मांग पर बाघ और मगरमच्छ मध्यप्रदेश से असम राज्य को स्थानांतरित करने की सहमति हुई थी। इस संदर्भ में केन्द्र सरकार को दोनों राज्यों ने अपने प्रस्ताव भी भेजें हैं। शीघ्र ही असम राज्य के साथ ईको-टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन की दिशा में सहयोग और साझेदारी बढ़ेगी। इस संदर्भ में 8 जनवरी को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के साथ चर्चा होगी। गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में कपड़ा उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन, नवाचार, कौशल विकास, आधुनिक मांग के अनुसार वस्त्र उत्पादन और राज्यों के बीच सहयोगात्मक मॉडल पर भी विचार-विमर्श होगा।

## स्टार्ट-अप समिट 11 और 12 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'विकसित एम.पी. @2047'विजन को सकारात्मक गति देने और अधिक सुदृढ़ करने के साथ ही स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को अगले स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से 11 एवं 12 जनवरी 2026 को रवींद्र भवन, भोपाल में मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट 2026 का आयोजन होने जा रहा है। सोमवार 12 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसमें सहभागिता करेंगे। समिट में राज्य एवं देश भर से स्टार्ट-अप्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, उद्योग प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य हितधारक सहभागिता करेंगे। यह समिट स्टार्ट-अप्स को निवेश, नेटवर्किंग, नीति संवाद एवं नवाचार प्रदर्शन का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति–2025 का फ़रवरी 2025 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में विमोचन के साथ राज्य में नवाचार एवं उद्यमिता को एक नई दिशा प्राप्त हुई। नीति के सफल क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश के स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान एवं तीव्र गति प्राप्त हुई है। नवीन नीति से स्टार्ट-अप्स के प्रत्येक चरण के लिए वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन, निवेश, पेटेंट सहयोग एवं बाजार से जुड़ाव जैसे अनेक सशक्त प्रावधान सुनिश्चित किए गए, जिससे प्रदेश में नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को गति मिली है।

# टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर से जुड़ेंगे मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है। मध्यप्रदेश में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं। मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री श्री रेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है। राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है। मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण टाइगर कॉरिडोर एक प्रकार से पड़ोसी राज्यों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। व्यावसायिक एवं अन्य सभी जरूरी गतिविधियों के लिए यह मार्ग सुगमता पूर्वक उपलब्ध रहेगा। प्रदेश में प्रमुख टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किलोमीटर होगी। मार्गो के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़



रुपए की राशि व्यय होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मध्यप्रदेश को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मध्यप्रदेश को राजमार्गो की सौगात मिली है। मध्यप्रदेश में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा। यह चंबल क्षेत्र को उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ है। इसके प्रारंभ होने से मध्यप्रदेश से दिल्ली-एनसीआर की दूरी घटकर लगभग 3 से 4 घंटे रह जाएगी। साथ ही इससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मध्यप्रदेश की पहुंच आसान होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात मिली है, जिसकी लागत 9716 करोड़ है। इसके अलावा भोपाल-इंदौर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर और इंदौर-धुले-पुणे परियोजनाएं विकसित भारत@2047 के लक्ष्य हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से भविष्य में चारों दिशाओं में कई प्रकार के मार्गों को सुदृढ़ करते हुए निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ है। परियोजनाओं के लिए समयबद्ध रोडमैप तय किया गया है। सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परियोजनाओं को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निश्चित की गई। खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण की जाएं। परियोजनाओं में गति और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निरंतर समीक्षा बैठक भी की जाएंगी।

## सरकारी कार्यालयों में अब बिना वैध दस्तावेजों के नहीं चलेंगे वाहन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में अब बिना वैध कागजात वाली गाड़ियों को सरकारी काम में इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। परिवहन विभाग ने साफ निर्देश दिए हैं कि अगर कोई कंपनी या एजेंसी अपनी गाड़ियां सरकार के काम के लिए देना चाहती है, तो उसके पास सभी जरूरी दस्तावेज पूरे और वैध होने चाहिए। परिवहन विभाग के मुताबिक, अब गाड़ियों का बीमा, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, रजिस्ट्रेशन और प्रदूषण प्रमाण-पत्र (PUC) होना अनिवार्य होगा। बिना इन दस्तावेजों के किसी भी वाहन को सरकारी विभाग, निगम या निकाय में नहीं लगाया जाएगा। अक्सर देखा गया है कि सरकारी काम में लगी कई गाड़ियों के कागज अधूरे या एक्सपायर होते हैं। ऐसे में अगर दुर्घटना हो जाए तो बीमा से मुआवजा नहीं मिल पाता और सभी को परेशानी होती है। इसी को रोकने के लिए यह सख्त आदेश जारी किया गया है। सरकारी विभागों को अब गाड़ियों का भुगतान करने से पहले उनके सभी दस्तावेजों की जांच करनी होगी। साथ ही, खनिज या अन्य सामान ढोने वाली गाड़ियों में तय क्षमता से ज्यादा माल नहीं ले जाया जा सकेगा। मोटरयान कर का भुगतान भी अनिवार्य होगा।

### उज्जैन में टोल कर्मचारी पर चाकू से हमला

# चकरावदा टोल प्लाजा पर बिना पैसे दिए निकल रहे थे, रोका तो करने लगे विवाद

**उज्जैन। उज्जैन-नागदा रोड पर स्थित चकरावदा टोल प्लाजा पर एक कर्मचारी पर हमला हुआ है। यह घटना 6-7 जनवरी की रात करीब 2:10 बजे हुई, जिसमें टोल कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले की पूरी वारदात टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके फुटेज अब सामने आए हैं।**

सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, उन्हेल से उज्जैन की ओर जा रही एक टाटा टिगोर कार में



सवार चार युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे। उन्होंने पहले कर्मचारियों से बहस की। कुछ देर बाद कार चालक सीट पर बैठा एक युवक नीचे उतरा और टोल कर्मचारी से मारपीट शुरू कर दी।

इसके बाद कार की पिछली सीट पर बैठे अन्य युवक भी नीचे उतरे और टोल कर्मचारी अरुण पर चाकू से हमला कर दिया। हमलावरों ने अन्य कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की और फिर अपनी कार में बैठकर उज्जैन की ओर फरार हो गए।

## युवती की छत से गिरने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के चूना भट्टी थाना क्षेत्र की पारिका सोसाइटी में बुधवार को एक युवती की छत से गिरने के बाद मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर इसे गिरने से हुई मौत मानते हुए मर्ग कायम किया है, हालांकि पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध मानकर जांच की जा रही है। चूना भट्टी थाना प्रभारी धर्मेंद्र मौर्य ने बताया कि युवती की पहचान प्रिया मेहरा (उम्र करीब 21–22 वर्ष) के रूप में हुई है। बुधवार दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच उसके छत से गिरने की सूचना मिली थी। प्रिया सुबह करीब दस बजे घर से यह कहकर निकली थी कि वह कॉलेज जा रही है। बाद में वह चूना भट्टी स्थित पारिका सोसाइटी पहुंची, जहां से उसके गिरने की बात सामने आई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह वहां किस उद्देश्य से गई थी।

## ऐसा थप्पड़ मारा...बच्ची का हाथ टूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




**सतना, एजेंसी।** सतना में यूकेजी की छात्रा को होमवर्क पूरा न करने पर लेडी टीचर ने थप्पड़ मार दिया। बच्ची गिर गई, उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। प्लास्टर चढ़ाना पड़ा। पिता ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई है। टीचर पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामला अमौधा में निजी स्कूल सीएमए विद्यालय का है। घटना मंगलवार की है। परिजन को हाथ फ्रैक्चर होने की जानकारी बुधवार सुबह लगी। पतेरी में चौहान नगर निवासी पीड़िता (6) सीएमए स्कूल में पढ़ती है। रोज की तरह मंगलवार को भी वह स्कूल गई थी। यहां होमवर्क पूरा न करने पर इंग्लिश की टीचर सपना खरे ने उसे थप्पड़ मार दिया।

## संपादकीय

# "आधुनिक युद्ध के लिए तैयार होती भारतीय सेना"

भारतीय सेना स्वदेशी 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन की बड़ी खेप खरीदने जा रही है। ये आत्मघाती ड्रोन विस्फोटकों से लैस होंगे और दुश्मन के इलाके में घुसकर उनके ठिकाने को तबाह कर देंगे। ये ऐसे ड्रोन हैं, जो जैमिंग (रडार सिग्नल जाम करने) और स्पूफिंग (गलत रडार सिग्नल भेजने) वाले माहौल में भी अपना काम पूरा करने में सक्षम होते हैं। मतलब, दुश्मन की सेना को भनक भी नहीं लगेगा और वे मिट्टी में मिला दिए जाएंगे। आर्मी की ओर से जल्द ही इस बड़े प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी किए जाने की संभावना है। इंडियन आर्मी के लिए इस डील की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि भारतीय कंपनियां देश में डिजाइन और विकसित किए गए लोइटरिंग म्यूनिशन की सप्लाई देने की तैयारियों में जुट गई हैं। शुरू में यह ठेका करीब 2,000 करोड़ रुपये का होगा और आने वाले वर्षों में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की संभावना है। क्योंकि, आर्मी अपनी कई तरह की यूनिट को 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन से लैस करने की योजना पर काम कर रही है, ताकि वे दुश्मन के क्षेत्र में कम दूरी तक या फिर ज्यादा भीतर तक घुसकर तबाही मचाने के काम आ सकें। सूत्रों का कहना है कि इस ऑर्डर को पूरा करने के लिए कई भारतीय कंपनियां आगे आएंगी, ताकि विदेशी कंपनियों पर से निर्भरता कम हो सके और आत्मनिर्भर भारत की मुहिम आगे बढ़ सके। सूत्रों के मुताबिक इस ऑर्डर से एक ऐसा स्वदेशी औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे सेना को जब भी जरूरत पड़े, भारतीय कंपनियां ऐसे सिस्टम तैयार करके दे सकें। ये टेंडर फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया की तहत जारी होंगे, ताकि कुछ महीनों के अंदर ही आर्मी इनकी ट्रायल भी कर सके और बेहतर विकल्प को छांटकर ऑर्डर भी जारी कर सके। परंपरागत प्रक्रिया में इस काम में कम से कम दो साल भी लग सकते हैं। इन मामलों की जानकारी रखने वालों ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट में दो देशी कंपनियां शामिल होंगी, जिन्हें 60:40 के अनुपात में ठेका मिलेगा। यह वो कंपनियां होंगी, जिनके ड्रोन ट्रायल में खरे उतरेंगे और सभी विशेषताओं को पूरा करते हुए जिनकी बोली सबसे कम होगी। डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में काम कर रही कुछ बड़ी भारतीय कंपनियां पहले भी सेना को ऐसे सिस्टम दे चुकी हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, अडानी डिफेंस, सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड और न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज ऐसी कंपनियों में शामिल हैं। निबे डिफेंस, ए विजन और एसएमपीपी जैसी कंपनियां भी बोली में शामिल हो सकती हैं।

## धर्म-कर्म

# मकर संक्रांति पर एकादशी का संयोग

### जानें क्या रहेगा स्नान-दान का उत्तम समय

जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। पौष कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर इस साल मकर संक्रांति पड़ रही है। इस बार मकर संक्रांति ऐसे शुभ संयोगों के साथ आ रही है, जिसमें दान-पुण्य का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस साल दो शुभ योग तो बन ही रहे हैं, साथ ही 23 साल के बाद संक्रांति पर एकादशी का शुभ संयोग देखने को मिलेगा। 14 जनवरी 2026 को धनु राशि से मकर राशि में सूर्य का प्रवेश दोपहर 3:07 बजे हो रहा है। इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन गंगा स्नान और दान पुण्य के लिए पुण्य काल देखा जाएगा। मकर संक्रान्ति के दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति भी शुरु होती है। इस लिए इस पर्व को उत्तरायणी भी कहते हैं। आइए जानते हैं मकर संक्रांति पर स्नान-दान का शुभ मुहूर्त -

### मकर संक्रांति पर एकादशी का संयोग

मकर संक्रांति पर इस वर्ष 23 साल बाद एकादशी का शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन षट्तिला एकादशी व्रत भी है। संक्रांति और एकादशी का एक ही दिन में आना आध्यात्मिक रूप से अक्षय पुण्य फल देने वाला माना जाता है। पंडितों के मुताबिक, इससे पहले मकर संक्रांति और एकादशी का शुभ संयोग वर्ष 2003 में बना था।



### जानें क्या रहेगा स्नान-दान का उत्तम समय

इस बार मकर संक्रांति पर महा पुण्य काल दोपहर 3:07 बजे से शाम 6 बजे तक माना जाएगा। मकर संक्रांति पर दो शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जिसमें सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं, जो सुबह 7:15 बजे से रात 3:03 बजे तक मान्य होंगे। अमृत सिद्धि योग में दान पुण्य और पूजा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन खिचड़ी दान करने और खाने का विशेष महत्व है।

### मकर संक्रांति पर क्या करें दान?

मान्यता है कि मकर संक्रांति तिल, गुड़, खिचड़ी, चावल, हल्दी, नमक, उड़द, धान आदि का दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पापों का नाश होता है।

# पर्स में इस छोटी सी चीज को रखने से दूर होती है हर बाधा, दूर होगी पैसों की दिक्कत

वास्तु शास्त्र की मदद से कोई भी अपनी जिंदगी को आसान बना सकता है। कई लोग इसे हल्के में लेते हैं लेकिन अगर सही तरीके से इसके कुछ नियम को नियमित रूप से फॉलो कर लिया जाए तो घर के साथ-साथ जिंदगी में पॉजिटिव एनर्जी आएगी। इस शास्त्र में सिर्फ घर की दिशा और यहां रखी हुई चीजों से जुड़े नियम नहीं होते हैं। इसमें हमारे पर्स से जुड़े भी कुछ ऐसे टिप्स हैं जो हमारे खर्चे पर कंट्रोल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं एक ऐसे ही टिप्स के बारे में जो जिंदगी में आने वाली सारी बाधाओं को जड़ से मिटा सकता है।

### पर्स में रखें ये चीज

वास्तु शास्त्र के अनुसार पर्स में एक इलायची जरूर रखनी चाहिए। इलायची की मदद से खर्चे पर पूरी तरह के कंट्रोल हो जाता है। दरअसल इलायची से निकलने वाली सुगंध के चलते अच्छी एनर्जी हमारी ओर अटैक्ट होती है जोकि जिंदगी में पैसों का फ्लो अच्छा करती है। जो लोग बचत के नाम पर कुछ नहीं पाते हैं या फिर महीना खत्म होते-होते सब हाथ से निकल जाता है तो ऐसे लोगों को पर्स में एक इलायची हमेशा रखनी चाहिए। जब-जब आप अपना पर्स खोलेंगे, तब-तब आपको उसकी सुगंध से सुख-समृद्धि का एहसास होगा। कोशिश करें कि पर्स में इलायती रखते वक्त आप मन ही मन सोचें कि अब सब कुछ आपके कंट्रोल में होगा और आप फालतू के खर्चों से बच जाएंगे। आप जितना पॉजिटिव सोच के साथ पर्स में इसे रखेंगे, उतनी जल्दी ही आप इसकी अच्छी एनर्जी को अपनी ओर अट्रैक्ट कर पाएंगे।



### ना करें पर्स से जुड़ी ये गलतियां

वास्तु के अनुसार कभी भी फटा-पुराना पर्स नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही इसमें पुराने बिल्स को इकट्ठा नहीं करना चाहिए। समय-समय पर इसकी सफाई करना जरूरी है। इस बात का ध्यान रखें कि किसी का गिफ्ट किया हुआ पर्स नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। वास्तु के अनुसार ऐसा करना सही नहीं है। अगर आप गिफ्ट किया हुआ पर्सनल इस्तेमाल करना चाहते हैं तो इसमें लाल रंग के कपड़े का एक छोटा सा टुकड़ा रख लें। इस उपाय से आपकी जिंदगी में कोई भी नेगेटिविटी नहीं आएगी।

New Delhi

# दिल्ली में सुबह-सुबह पुलिस का ऐक्शन, बवाना और गाजीपुर में बदमाशों से मुठभेड़, तीन धरे

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके में सुबह-सुबह पुलिस का बड़ा ऐक्शन देखने को मिला, जहां स्पेशल सेल की टीम ने और अपराधियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गई। इस एनकाउंटर में कुख्यात राजेश बवानिया गैंग का सदस्य अंकित मान गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इसके अलावा गाजीपुर इलाके में भी पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजेश बवानिया गैंग के कुछ सदस्य बवाना क्षेत्र में सक्रिय हैं और किसी बड़े अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं। स्पेशल सेल की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर रखी थी। जैसे ही संदिग्धों ने पुलिस को देखा, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे अंकित मान घायल हो गया।

राजेश बवानिया दिल्ली-एनसीआर के उन गैंगस्टरों में शुमार है जो जेल से ही अपने गिरोह को चलाते हैं। उसका गैंग हत्या, फिरौती, लूट और गैंगवार जैसी वारदातों में शामिल रहा है। अंकित मान गैंग का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है, जो कई पुराने मामलों में वांछित है।

Uttarpradesh

## कोहरे में भीषण हादसा

## बरेली में ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, दो लोगों की मौत... दो की हालत नाजुक



**बरेली, (एजेंसी) बरेली में बृहस्पतिवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। पूरा ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आने से कुचल गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।**

जानकारी के मुताबिक नवाबगंज क्षेत्र के यासीननगर निवासी हाशिम अपना ई-रिक्शा लेकर भोजीपुरा क्षेत्र के गांव लाडपुर में काम करने जा रहे थे। ई-रिक्शा में रिछोला निवासी सलीम, नसरुद्दीन और रहीसद्दीन उर्फ मंझले भी सवार थे। ये सभी लोग बोरिंग का काम करते थे। राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक चालक यू-टर्न ले रहा था। इसी बीच ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया।

बताया गया कि चालक ने ट्रक नहीं रोका, जिससे ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आ गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही रिठौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जेसीबी से ट्रक हटवाया। इसके बाद ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक हाशिम और सलीम की मौके पर ही मौत हो गई।

Telangana

## तेलंगाना में दर्दनाक सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, चार कॉलेज स्टूडेंट्स की मौत

**तेलंगाना, (एजेंसी) तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मोकिला इलाके में एक भयानक सड़क हादसे में चार कॉलेज स्टूडेंट्स की जान चली गई, जब उनकी SUV मिर्जागुडा के पास एक पेड़ से टकरा गई। सभी पीड़ित, जो पास के संस्थानों के युवा स्टूडेंट्स थे, एक साथ यात्रा कर रहे थे, एक घायल बच गया है। स्थानीय लोगों में सदमे और दुख के बीच पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

यह दुखद घटना तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में मोकिला पुलिस स्टेशन की सीमा के अंदर हुई, जब एक SUV सड़क से उतरकर मिर्जागुडा के पास एक पेड़ से टकरा गई। एक को छोड़कर बाकी सभी चार लोगों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जिससे इस रास्ते पर तेज रफ़्तार से यात्रा करने के खतरों का पता चलता है। चश्मदीदों ने बताया कि गाड़ी का कंट्रोल खो गया था, जिससे यह जानलेवा टक्कर हुई। इमरजेंसी सेवाएं मौके पर पहुंचीं, लेकिन ज्यादातर लोगों के लिए नुकसान ठीक नहीं किया जा सकता था।

New Delhi

## दिल्ली तुर्कमान गेट में पथराव करने वाले 30 उपद्रवियों की पहचान, 450 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास एमसीडी के अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान हुए पथराव मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पथराव करने वाले 30 उपद्रवियों की पहचान कर ली है और उन्हें हिरासत में लेने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इलाके में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान 450 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर की गई है। अब पुलिस टीमें अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर इन लोगों को पकड़ने की कोशिश



कर रही हैं।

इस बीच, मामले में एक राजनीतिक एंगल भी सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा जाएगा।

खेल

# टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका, वर्ल्ड कप से पहले T20 सीरीज से बाहर हुआ ये स्टार प्लेयर!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** T20 World Cup 2026 से पहले टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी महीने खेली जाने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं। ये टी20 सीरीज टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के लिए बेहद अहम है, लेकिन एशिया कप 2025 फाइनल के हीरो और नंबर 3 के बल्लेबाज तिलक वर्मा को पेट में चोट लगी है, जिसकी वजह से वह न्यूजीलैंड के खिलाफ T20I सीरीज से बाहर होने की कगार पर हैं। जल्द ही आधिकारिक घोषणा भी इस बारे में हो सकती है।



इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट की मानें तो तिलक वर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी 2026 के मैच से पहले तिलक वर्मा दर्द में नजर आए। वे भारत की टीम का हिस्सा भी हैं, जो टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले 21 जनवरी से 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलने वाली है। नागपुर में पहला मैच 21 जनवरी को खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए तिलक वर्मा का रिप्लेसमेंट भारतीय टीम को चाहिए होगा। हालांकि, माना जा रहा है कि 7 फरवरी से शुरू हो रहे मेगा इवेंट के लिए वे फिट हो सकते हैं।

तिलक राजकोट में विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे थे, जब बुधवार सुबह नाश्ते के बाद उन्हें पेट में दर्द हुआ। उन्होंने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में डॉक्टरों से सलाह ली। भारतीय बोर्ड के एक सूत्र ने पुष्टि की, 'तिलक को आज (बुधवार) पेट में बहुत ज्यादा दर्द हुआ। उन्हें तुरंत राजकोट के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां कई स्कैन किए गए और रिपोर्ट COE के डॉक्टरों को भेजी गईं। डॉक्टरों ने उन्हें सर्जरी करवाने की सलाह दी है, जिससे ठीक होने में उन्हें तीन से चार हफ्ते लगेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी T20I सीरीज खेलने की संभावना कम लग रही है।'

भारतीय टीम मैनेजमेंट को संभवतः 7 फरवरी से शुरू होने वाले T20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी उपलब्धता को लेकर ज्यादा चिंता होगी। भारत का पहला मैच USA के खिलाफ टूर्नामेंट के ओपनिंग डे पर ही है। बताया जा रहा है कि जांच में टेस्टिकुलर टॉर्शन की पुष्टि हुई है, जिसके लिए सर्जरी भी हुई है और अब उनकी हालत स्थिर है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर उनकी रिकवरी और वापसी को लेकर आगे जानकारी दी जाएगी।

सिनेमा

## बिकिनी में आमिर खान की ऑनस्क्रीन बेटी, पहाड़ से नदी में लगाई छलांग, बयां किया डर का मंजर



फिल्म दंगल से स्टार बनीं फातिमा सना शेख इन दिनों वेकेशन पर हैं. काम से ब्रेक लेकर वो खुद के साथ समय बिता रही हैं. पहाड़ों में नेचर के बीच चिल कर रही हैं. इंस्टा पर फातिमा ने वेकेशन की झलक दिखाई है. उनका बोल्ड अंदाज भी फैंस को देखने को मिल रहा है. वो बिकिनी में नजर आ रही हैं. फातिमा ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो ऊंचे पहाड़ से नीचे नदी में छलांग लगाती हैं. हालांकि ऐसा करना उनके लिए इतना आसान नहीं था. इतनी ऊंचाई से पानी में छलांग लगाने की हिम्मत जुटाने में फातिमा को करीबन 20 मिनट लगे. आखिरकार उन्होंने ये कर दिखाया. फातिमा ने कैप्शन में बताया कि जिस मोमेंट आप हवा में होते हो, ठीक पानी में गिरने से पहले, वो समय बहुत लंबा और भयानक होता है. क्योंकि डूबने का खौफ आपको डराता और कंफ्यूज करता है. वो आगे लिखती हैं- उन चंद सेकेंड्स में मैंने डर को एड्रिनलीन में तब्दील होते हुए फील किया है. खुद को उस शिफ्ट से गुजरते हुए देखना मजेदार था. उसके बाद डर का स्विच ऑफ हो गया. मैंने 4 बार पानी में छलांग लगाई. फातिमा ने माना कि पानी में कूदना कभी भी डरावना नहीं था. लेकिन जंप करने से पहले जो कहानियां उन्होंने अपने दिमाग में बुनी थी वो डरावनी थी.

## Highlights

1. UP sisters die after electric shock while heating water
2. 'We're worried, PM Modi says India has only paused Op Sindoor,' Pak told US last year
3. Killings of Hindus in B'desh worse than 1971: Ex-India diplomat
4. SC grants interim relief to singer Neha Singh Rathore in Pahalgam posts case
5. Majestic–Malleswaram road closed in Bengaluru amid construction

# 500% US tariff on India? Trump backs bill that targets Delhi, Beijing over Russian oil imports

**NEW DELHI, (Agency).** US President Donald Trump has greenlit a bipartisan Russia Sanctions Bill, which gives the United States leverage against India, China and Brazil to curb their Russian oil imports that purportedly fuels Moscow's war in Ukraine.

"This bill will allow President Trump to punish those countries who buy cheap Russian oil fueling Putin's war machine," Republic Senator Lindsay Graham wrote on X, formerly Twitter. He, along with Democratic Senator Richard Blumenthal, drafted the bill.

"This bill would give President Trump tremendous leverage against countries like China, India and Brazil to incentivise them to stop buying the cheap Russian oil that provides the financing for Putin's bloodbath against Ukraine. I look forward to a strong bipartisan vote, hopefully as early as next week."

Sanctioning of Russia Act 2025- The Sanctioning of



Russia Act 2025 (S. 1241), is designed to force Russia into peace negotiations in Ukraine by crippling its economic lifelines. The Act requires the US president to determine every 90 days if Russia is refusing to negotiate a peace agreement or has violated one. A negative determination triggers "bone-crushing" mandatory sanctions. The key provisions of the Bill are:

500% Tariffs: It mandates tariffs of at least 500% on goods from any country that knowingly imports Russian oil, gas, or uranium. This provision explicitly targets major importers like China, India, and Brazil to cut off Russia's war financing.

Secondary sanctions: It imposes secondary sanctions on foreign financial institutions and entities that facilitate transactions for Russia's energy sector.

Asset freezes and bans: The bill blocks assets of Russian officials (including Vladimir Putin) and oligarchs, bans Russian stocks from US exchanges, and prohibits US investment in Russian energy.

The Bill signals a potential shift toward aggressive economic coercion against nations sustaining Russia's economy.

# SEBI alleges BofA breached its insider-trading rules in a 2024 stock deal

**NEW DELHI, (Agency).** The Securities and Exchange Board of India has accused a Bank of America unit of violating its insider trading rules and breaking internal "Chinese walls" in connection with a 2024 share sale, according to a notice.

The notice followed a SEBI investigation into the conduct of BofA's domestic securities unit in managing a March 2024 stock sale of Aditya Birla Sun Life Asset Management Co. Ltd. The investigation found the bank's deal team, while holding




unpublished price-sensitive information on the share sale, contacted potential investors "directly/indirectly", it said.

At the deal team's request, the bank's broking arm, research team, and Asia-Pacific syndicate team reached out to investors and shared valuation reports and other confidential details, according to the notice dated 30 October 2025 reviewed by Reuters.

"The conduct highlights failure of (the bank's) deal team to maintain Chinese walls with broking/research arms, impacting safekeeping of confidential information and internal controls," SEBI said in the notice. BofA suppressed material facts and made false statements during the probe, it said.

# 10 ग्राम कोकीन के साथ जिम ट्रेनर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम कोकीन के साथ एक जिम ट्रेनर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिम में आने-जाने वाले युवाओं को पहले नशे की लत लगाता था और बाद में ऊंचे दामों पर कोकीन बेचता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच ने यह खुलासा नहीं किया है कि आरोपी किस जिम में ट्रेनिंग देता था। मामले में आगे की जांच जारी है।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अशद शेख निवासी खजराना है। आरोपी नशे के कारोबार में "लायन" नाम से सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक अशद पेशे से जिम ट्रेनर है और 12वीं तक पढ़ा-लिखा है। वह काफी समय से कोकीन की तस्करी और बिक्री में लिप्त था। जांच में सामने आया है कि अशद ने जिम से जुड़े कुछ लोगों को कोकीन की लत लगा दी थी। जिम की आड़ में ग्राहकों तक पहुंच बनाकर वह ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से नशे का कारोबार कर रहा था। इधर, क्राइम ब्रांच ने एक अन्य कार्रवाई में बिलाल खान निवासी कोहिनूर कॉलोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार पूर्व में पकड़े गए आरोपी दानिश शेख से पूछताछ के दौरान बिलाल खान के नाम का खुलासा हुआ था, जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच दोनों मामलों में यह पता लगाने में जुटी है कि नशे की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## बुजुर्ग महिला से 17 लाख की ऑनलाइन ठगी

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर 61 वर्षीय महिला से पांच दिन में 17 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। घटना जुलाई 2025 की है। महिला बदनामी के डर से पुलिस के पास नहीं पहुंची। अब परिजनों की समझाइश पर थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि महिला के पास तीन अलग-अलग नंबरों से फोन आया था और आरोपियों ने अलग-अलग खातों में ही राशि ट्रांसफर कराई है। महिला को पहला कॉल करने वाले ने अपना नाम ब्रजेश कुमार बताया। उसने खुद को टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके नाम से दूसरी सिम जारी हुई है, जिससे संदिग्ध लेन-देन किया जा रहा है। महिला ने इससे इंकार किया, तो आरोपी ने कहा कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में आपके खिलाफ एफआईआर हुई है। आप मुंबई आ जाएं। इसके बाद दूसरे नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कोलाबा थाने की इंस्पेक्टर आरती बताया और कहा कि कथित सिम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और तस्करी से जुड़ा पैसा बैंक में जमा कराया गया है। आरोपी ने वारंट जारी होने की बात कहकर डराया और खाते की जांच का बहाना कहकर कॉल काट दिया। कुछ ही देर बाद तीसरा कॉल आया। कॉलर ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर दया नायक बताया। उसने कहा कि आप मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंस चुकी हैं, लेकिन जांच में सहयोग करने पर बचाया जा सकता है। साथ ही परिवार को कुछ न बताने की हिदायत दी गई। इसके बाद बैंक खातों और संपत्ति की जानकारी ली गई और जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया। महिला ने कथित सीबीआई इंस्पेक्टर के कहे अनुसार पांच बार में 17 लाख रुपए उनके बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने राशि अलग-अलग खातों में जमा कराई। साथ ही भरोसा दिलाया कि 48 से 72 घंटे में राशि वापस मिल जाएगी। महिला ने कुछ दिन बाद संबंधित मोबाइल नंबरों पर कॉल किया, तो वे बंद पाए गए।

### इंदौर एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग

# फ्लाइट में बच्चे की तबीयत बिगड़ी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में जयपुर से बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार एक साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चे को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई।**




जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX1240 मंगलवार को जयपुर से शाम 5:30 बजे रवाना होकर रात 8:10 बजे बेंगलुरु पहुंचने वाली थी। यात्रा के दौरान विमान में सवार एक साल के बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसकी सूचना परिजनों ने तुरंत एयर होस्टेस को दी। स्थिति गंभीर होने पर पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर से शाम करीब 7:20 बजे संपर्क किया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी और एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। इलाज के लिए एयरोब्रिज पर ही डॉक्टरों की टीम तैनात कर दी गई। शाम 7:50 बजे विमान के लैंड करते ही बच्चे को तुरंत बाहर लाया गया। विमान में मौजूद एक डॉक्टर पहले से ही बच्चे को सीपीआर दे रहे थे। इंदौर एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों ने भी लगातार सीपीआर देते हुए बच्चे को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार, बच्चे का नाम मोहम्मद अबरार था और उसकी उम्र एक साल थी। वह अपने पिता मोहम्मद अजलान, मां फिरोजा और बड़े भाई के साथ जयपुर से बेंगलुरु अपने घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में बैठने से पहले ही बच्चे की तबीयत कुछ ठीक नहीं थी। आशंका जताई जा रही है कि उड़ान के दौरान पानी या दूध पिलाते समय वह श्वासनली में चला गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक